हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 मार्च 2026

04 कृषि मंडी में पीने का साफ पानी व बैठने के लिए छांव...



07 जिले के माता के प्रसिद्ध शक्ति स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने





## समाचार संक्षेप

### सेवा कार्य के लिए रोटरी क्लब रॉयल सम्मानित

**गुना ।** शिवपुरी में आयोजित किए गए विशाल स्वास्थ्य एवं उपचार शिविर में सामाजिक संस्था रोटरी क्लब गुना रॉयल को सेवा,समर्पण और मानवीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया है ।स्व माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य मिशन,रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन एवं म प्र शासन के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में आयोजित किए गए आठ दिवसीय शिविर के समापन समारोह के अवसर पर एमपीसीए के अध्यक्ष महानार्यमन सिंधिया ने क्लब के उपप्रांतपाल अंकुर दुसाज एवं सत्र उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव को सम्मानित किया ।बता दें शिविर में पूरे देश से लगभग चार सौ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी वहीं सत्तर स्क्रीनिंग शिविर लगाकर चिन्हित मरीजों को उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में भेजकर उपचार कराया गया ।इस शिविर में लगभग दो लाख अस्सी हज़ार मरीजों का उपचार कराया गया वहीं लगभग साढ़े तीन हजार मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया ।विशेष बात ये रही कि सर्वाधिक मरीजों के उपचार के हिसाब से इस शिविर को इंडिया बुक आफ़ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है । इस दौरान शिविर में संस्था किए गए सेवा कार्यों में संस्था के अध्यक्ष सौरव जैन,अभिजीत गोयल,जितेंद्र वर्मा,अजय राठौर,अजिताभ श्रीवास्तव,ईशान राठौर,अभिषेक जैन,सुयश देव,संदीप जैन,आयुष जैन,राहुल पांडेय आदि का विशेष योगदान रहा ।



### विजयवर्गीय समाज की महिलाओं ने किया गणगौर माता का गाजे-बाजे से विसर्जन

**गुना।** शहर के सिंगवासा तालाब पर मंगलवार को विजयवर्गीय समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ गणगौर माता का विसर्जन किया गया। चैत्र मास के इस पावन पर्व का समापन गाजे-बाजे और मंगल गीतों के साथ हुआ।विसर्जन से पूर्व समाज की महिलाओं ने सुंदर परिधानों में सज-धजकर गणगौर माता की पालकी निकाली। तालाब किनारे पहुँचकर सभी महिलाओं ने माता की विशेष आरती की और सुख-समृद्धि की कामना के लिए लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर समाज की वरिष्ठ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ऊषा विजयवर्गीय, उमा विजयवर्गीय, अलका विजयवर्गीय, अनुराधा विजयवर्गीय,ने बताया कि गणगौर उत्सव समाज की संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक सशक्त माध्यम है। इस मौके पर समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रही।



### जाट सोशल ग्रुप ने अमर शहीदों के स्मरण में सेवा प्रकल्प आयोजन कर शहीद दिवस मनाया

**गुना ।** अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर जाट सोशल ग्रुप के सदस्यों ने आनंद धाभ वृद्धाश्रम में शहीद दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर वृद्धजनों को भोजन कराए गए और फलाहार वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। कार्यक्रम संचालक देवेन्द्र सिंह सोलंकी ने शहीदों की शौर्य गाथा साझा करते हुए कहा कि महापुरुषों का जीवन चरित्र आज की पीढ़ी को सही दिशा दिखा सकता है। जिला अध्यक्ष जयसिंह जाट ने भगतसिंह जी के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। युवा अध्यक्ष अमन जाट ने कहा कि यदि हम उनके जीवन से सीखना छोड़ देंगे तो उन्हें दोबारा मरने देना होगा, और वे इसे होने नहीं देंगे।कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. देवेन्द्र सिंह राणा, नरेन्द्र सिंह राणा, अरविंद जाट, दीपक चौधरी, युवराज जाट, विशाल जाट, सौरभ, लोकेश, साहब सिंह, वीर और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन ने युवाओं में देशभक्ति और सामाजिक सेवा के संदेश को उजागर किया।




## महिला एवं बाल विकास विभाग का आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्यारंभ कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन मे आज विद्यारंभ कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों को किशोरी बालिकाओं, सहायिकाओं, बच्चों की मदद से रंगोली, पोस्टर आदि लगाकर सजाया गया। विद्यारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का तिलक लगाकर एवं गुलाब भेंट कर आंगनबाड़ी से विदाई दी, बच्चों की रैली निकाली गई। बच्चों पर पुष्प वर्षा करते हुए आंगनबाड़ी से स्कूल तक पहुंचाया गया। विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा बच्चो का उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया। बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण किए गए एवं बाल चौपाल कार्यक्रम बनाया गया ।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अब्दुल गफ्फार द्वारा बताया गया कि विद्यारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि को जगाना, स्कूल से बच्चों का जुड़ाव मजबूत करना और ड्रॉप आउट दर को कम करना है। बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र देकर उनकी औपचारिक शिक्षा की शुरुआत को यादगार बनाना एवं अनौपचारिक से औपचारिक स्कूली शिक्षा सुनिश्चित करना है। यह बच्चों के लिए एक उत्सव जैसा है। विद्यारंभ कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों और समुदाय को बाल शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। जिले में 1674 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 5 से 6 वर्ष के 16,708 बच्चों को विदाई देकर शाला में प्रवेश कराने की कार्यवाही की गई।महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के विद्यारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब लिंक के माध्यम से समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दिखाया गया। विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों, परियोजना स्तर पर परियोजना अधिकारी द्वारा एवं, सेक्टर स्तर पर्यवेक्षकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहें।



### पीड़ितों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर खड़े किए सवाल, नहीं होती जल्द कार्रवाई

## जनसुनवाई में उठे मकान पर अतिक्रमण ट्रॉली चोरी और धमकियों के गंभीर मुद्दे







हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिले में जनसुनवाई के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से आए पीड़ितों ने अपनी समस्याएं रखते हुए पुलिस और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। कब्जा, चोरी, धमकी और शासकीय योजनाओं में पारदर्शिता जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए।

### मकान पर कब्जे से परेशान विधवा ने लगाई गुहार

तलैया मोहल्ला स्थित कुमार वाली गली की रहने वाली नसीम बानो ने आरोप लगाया कि उनके मकान पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने बताया कि घर का पूरा सामान बाहर फेंक दिया गया और ऊपर का हिस्सा भी तोड़ दिया गया। इतना ही नहीं, घर में लगा पेड़ भी रातोंरात काटकर बेच दिया गया। पीड़िता ने कहा कि कई बार एसपी, कलेक्टर और थाने में शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। वर्तमान में वह किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर जीवन यापन कर रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।

### ट्रॉली चोरी का मामला, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

विजयपुर गांव के रामव्रज यादव ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 12 दिसंबर 2024 की रात उनकी ट्राली टंकी के पास से चोरी हो गई थी। उनका आरोप है कि चोर ट्राली को राजस्थान में बेच चुके हैं, लेकिन अब तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि कई बार आवेदन देने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री से आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पट्टाधारियों को धमकाने का आरोप

ग्राम किलामपुर पंचायत कलेछरी निवासी भीम सिंह ने शिकायत में बताया कि उन्हें शासन द्वारा दिए गए पट्टे पर खेती करने से रोका जा रहा है। 3 जनवरी 2025 को कुछ वनकर्मी और पंचायत से जुड़े लोग उनके गांव पहुंचे और पट्टों को फर्जी बताते हुए खाली करने की धमकी दी। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश की गई। जाते-जाते आरोपियों ने सभी ग्रामीणों को पट्टे खाली करने और जेल भेजने की धमकी दी।

पीड़ित ने प्रशासन से मामले की जांच और सुरक्षा की मांग की है।मनरेगा कार्यों की जानकारी नहीं मिलने पर नाराजगीग्राम सारसहेला निवासी महेन्द्र सिंह ने मनरेगा के तहत 2015 से 2025 तक हुए कपिलधारा कूप निर्माण कार्यों की मस्टर फाइल और बिल की प्रतियां मांगी हैं। उन्होंने बताया कि 2 दिसंबर 2025 को आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने प्रशासन से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की है।

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा

जनसुनवाई में सामने आए इन मामलों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। पीड़ितों ने जल्द से जल्द कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है, ताकि आमजन का विश्वास बना रहे।

### कलेक्टर ने की जनसुनवाई, 180 से अधिक आवेदनों का समाधान करने के लिए किया निर्देशित

**गुना।** शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग 180 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण संबंधित मामले शामिल थे।जनसुनवाई में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईवी जांच समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनका नागरिकों ने लाभ उठाया। अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।इस दौरान रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। बीनागंज निवासी राजेश पालीवाल को पुत्र की आंख के ऑपरेशन के लिए 25 हजार और ग्राम परवाह निवासी श्याम अहिरवार को पुत्र के उपचार हेतु 10 हजार रुपये चेक दिए गए।इसके अलावा तहसील आरोन के 65% अस्थिबाधित दिव्यांग रामवीर सिंह को कलेक्टर के निर्देश पर ट्रायसाइकिल, वॉकर और कृत्रिम पैर तत्काल उपलब्ध कराए गए। श्री सिंह ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया।









### नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के संवेदनशील नेतृत्व में जनसुनवाई संपन्न हुई

**गुना ।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के नेतृत्व में पुलिस कंट्रोल रूम सभागृह में जनसुनवाई आयोजित की गई।जनसुनवाई में जिले के विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध और लंबित प्रकरणों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। श्रीमती वासल ने प्रत्येक आवेदक की बात संवेदनशीलता और गंभीरता से सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को समय पर न्याय और विश्वास प्रदान करना है, जिससे पुलिस और जनता के बीच संबंध और मजबूत हों। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग और शीघ्र कार्यवाही के लिए भी निर्देशित किया।जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, डीएसपी जमील उद्दीन सिद्दिकी, सीएसपी श्रीमती प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी एवं थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजस्थान के युवक की हुई संदिग्ध मौत, फंदे पर झूला

### गुना में अपने मामा के घर घूमने आया था भांजा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में फंदे पर लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

राजस्थान से मध्य प्रदेश के गुना जिले में अपने रिश्तेदारों के पास घूमने आए एक 26 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना शहर के कैंट थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की है, जहाँ सोमवार शाम युवक का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान शिवचरण मीणा (26 वर्ष), निवासी जिला बारां (राजस्थान) के रूप में हुई है। शिवचरण महज दो दिन पहले ही राजस्थान से गुना स्थित अपनी बुआ के लड़के (मामा का लड़का) के पास घूमने के लिए आया था। मृतक का भाई गुना की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहता है और पेशे से शिक्षक है। सोमवार शाम जब भाई घर पहुँचा, तो उसने शिवचरण को फंदे पर लटका देख दंग रह गया। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद शव को जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार सुबह राजस्थान से परिजनों के गुना पहुँचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें सौंप दिया गया है। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस इस बात की तफ्तीश कर रही है कि आखिर दो दिन पहले ही खुशी-खुशी घूमने आए युवक ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया।



## गोवंश हत्याकांडः आरोपियों की गिरफ्तारी करने के बाद अब बुलडोजर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के इंडसट्रियल एरिया में बीते 6 मार्च को हुई गौवंश की नृशंस हत्या के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को बड़ी संख्या में गौसेवक और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। कार्यकर्ताओं का स्पष्ट कहना है कि यदि प्रशासन ने इस जघन्य कृत्य के दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई नहीं की, तो पूरे जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा।घटनाक्रम के अनुसार, 6 मार्च को इंडसट्रियल एरिया बायपास पर एक बछिया का कटा हुआ सिर मिला था, जिसकी सूचना मिलते ही गौसेवकों और पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी। पशु चिकित्सालय के डॉक्टरों ने भी पुष्टि की थी कि बछिया का सिर किसी अत्यंत धारदार हथियार से पेशेवर तरीके से काटा गया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार, 23 मार्च को तीन आरोपियों—इरशाद खान (निवासी छाबड़ा, राजस्थान हाल हड्डीमील), आसिफ खान और शाहरुख खान (दोनों निवासी हड्डीमील, गुना)—को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी इरशाद खान पर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं और वह जिला बदर का अपराधी रहा है।कलेक्ट्रेट पहुंचे राजकुमार, अमित, प्रमोद, पवन, संतोष और अभिषेक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के समक्ष तीखी नाराजगी व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि जब छोटे-मोटे अपराधों में पुलिस आरोपियों का जुलूस निकाल सकती है, तो गौमाता की हत्या करने वाले और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले इन अपराधियों के सरकारी जमीन पर बने अवैध मकानों को अब तक क्यों नहीं ढाया गया? उन्होंने मांग की है कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर इन आरोपियों के अवैध ठिकानों पर तुरंत बुलडोजर चलाया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान हिंदू संगठनों ने दो टूक शब्दों में कहा कि गौवंश के प्रति ऐसी क्रूरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि प्रशासन जल्द ही बुलडोजर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं करता है, तो शहर के हिंदू भाई सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### 31 मार्च से पहले रजिस्ट्री कराने से कम शुल्क का मिलेगा लाभ, अधिकारियों को दिशा निर्देश किए जारी

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में प्रस्ताव,जिले में 10% बढ़ेंगी कीमतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति गुना के सदस्यों की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए गुना जिले की भूमि, मकान जैसी अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु समिति के सदस्यों के मध्य दिनांक 17 मार्च 2026 को अनुमोदित प्रस्ताव पर आम जनता से सुझाव आमंत्रण हेतु दी गई समयावधि के उपरांत पुनः प्रस्ताव चर्चा, विश्लेषण एवं अनुमोदन हेतु पटल पर रखी गई। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में जिला पंचायत गुना, वन विभाग, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं विकास केन्द्र, सी. एम.ओ. नगरपालिका गुना, अधीक्षक भू-अभिलेख, लोक निर्माण अधिकारी, सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृहनिर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल के सक्षम अधिकारी एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग उपस्थित रहे।जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में गुना जिले के विभिन्न उप-जिला मूल्यांकन समितियों यथा गुना, आरोन, राघौगढ़ एवं चांचौड़ा से आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई और तदोपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

श्री गोवर्धन प्रसाद, जिला पंजीयक गुना एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति द्वारा बताया गया कि गाइडलाइन वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये अचल सम्पत्ति की कीमतों में औसत रूप से 10.29 प्रतिशत की मूल्यवृद्धि प्रस्तावित की गई है। जिले की लगभग 40 प्रतिशत लोकेशन पर मूल्यवृद्धि प्रस्तावित है, जिनमें मुख्य रूप से शहरी क्षेत्र के लोकेशन शामिल है। जिले में पॉलिगोन एवं विद्यमान दरों में विसंगति सुधार तथा वास्तविक प्रचलित बाजार मूल्य को दृष्टिगत रखते हुये 100 प्रतिशत से अधिक मूल्यवृद्धि प्रस्तावित की गई है, जिसमें सर्वाधिक आरोन की तथा 3 गुना की एवं 1-1 लोकेशन चांचौडा और राघौगढ़ की शामिल है। प्रस्ताव में जिले की परिसीमा से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्गों पर विशेष फोकस करते हुये विद्यमान दरों में विसंगति सुधार एवं नवीन लोकेशन खोले जाकर दरें प्रस्तावित की गई है।जिला मूल्यांकन समिति गुना की बैठक में आगामी गाइडलाईन वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये प्रस्तावित एवं अनुमोदित दरों पर आम जनता की ओर से प्राप्त सुझाव को संज्ञान में लेते हुये प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया।समिति संयोजक गोवर्धन प्रसाद द्वारा बताया गया कि जिले का अनुमोदित प्रस्ताव तैयार किया जाकर अंतिम अनुमोदन हेतु केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड भोपाल को प्रेषित किया जायेगा। अंतिम अनुमोदन उपरांत प्रस्तावित गाइडलाइन 01 अप्रैल 2026 से प्रभावशील होगी।



### भारत विकास की नवीन शाखा अहिल्या को मिला उत्कृष्ट सम्मान

**गुना।** भारत विकास परिषद की नवीन अहिल्या शाखा 2024 दिसंबर को गठित हुई इस शाखा द्वारा वर्ष भर में कई सामाजिक धार्मिक कार्य एवं पर्यावरण के कार्य किए गए इसके साथ ही शाखा द्वारा आत्मरक्षा शिविर एवं स्वावलंबन शिविर लगाया गया मध्य भारत उत्तर प्रांत के प्रांतीय सम्मेलन में अहिल्या शाखा को उत्कृष्ट स्वावलंबन शिविर के लिए उत्कृष्ट अवार्ड दिया गया एवं सराहना की गई अहिल्या शाखा की सचिव श्रीमती नीरज अवस्थी एवं प्रियंका यादव को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया यह अवार्ड भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील कोठारी ,क्षेत्रीय महासचिव सुधीर अग्रवाल , क्षेत्रीय संयुक्त सचिव अनूप अग्रवाल एवं प्रांतीय अध्यक्ष अमित जैन द्वारा दिया गया एवं भारत विकास के प्रांतीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने बाइक व साइकिल सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**राघोगढ़** । राघोगढ़ नगर के सांड रोड स्थित सूर्यांश होटल के सामने मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल और साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, कार चालक ने पहले बाइक सवार को टक्कर मारी और इसके बाद पास से गुजर रहे साइकिल सवार को भी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार चालक ने ही दोनों घायलों को राघोगढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुना रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांड रोड पर अक्सर वाहन तेज गति से चलते हैं, खासकर रात के समय युवा तेज रफ्तार में बाइक दौड़ाते नजर आते हैं। इसके अलावा इस मार्ग से भारी वाहन भी गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।



### आरोन ब्लॉक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर "विद्यारंभ" कार्यक्रम का आयोजन

**आरोन।** परियोजना के पनवाड़ीहाट, शहरोक, बरखेड़ा हाट, आरोन ब्लॉक के वार्ड क्रमांक 3, 4 तथा रामपुर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों पर "विद्यारंभ" कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ी से स्कूल की ओर बच्चों के सुगम संक्रमण को सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के दौरान उन बालक-बालिकाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने 6 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है और अब वे आंगनवाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए तैयार हैं। इन बच्चों को विद्यालय में नामांकन हेतु प्रोत्साहित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनके शैक्षणिक जीवन की औपचारिक शुरुआत को उत्सव के रूप में मनाया जा सके।इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, बच्चों के माता-पिता, स्थानीय बुजुर्ग तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो सोमु की भी सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने समुदाय को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया और अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिससे उनका उत्साह बढ़ा और वे विद्यालय जाने के लिए और अधिक प्रेरित हुए। "विद्यारंभ" कार्यक्रम ने न केवल बच्चों के लिए एक नई शुरुआत का संदेश दिया, बल्कि समुदाय में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल भी तैयार किया।इस प्रकार, यह आयोजन बच्चों के शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण शुरुआत के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# कृषि मंडी में पीने का साफ पानी व बैठने के लिए छांव की व्यवस्था हो




### अनुविभागीय अधिकारी महोदय ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

17 मार्च से 24 मार्च 2026 तक विरोध सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की मांगों को लेकर आरोन तहसील में मंगलवार को समापन पर अनुविभागीय अधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया गया जिसमें अखिल भारतीय खेत किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक सचिव नीलेश बैरागी ने कहा कि आरोन ब्लॉक में सैकड़ों किसान मंडी में आते हैं लेकिन देखा जाता है कि पीने का साफ पानी व छांव की बैठक व्यवस्था नहीं है आगे कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के माध्यम से राष्ट्रीय कृषि मार्केटिंग ड्राफ्ट अपने यहां लागू करने के लिए भेजा है जिसके लागू होते ही न सिर्फ कांट्रेक्ट फार्मिंग को बढ़ावा मिलेगा बल्कि सरकारी कृषि उपज मंडिया भी धीरे धीरे बंद हो जाएंगी। साथ ही अभी हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा घोर किसान विरोधी नया म. प्र. नगर व ग्राम निवेश संसोधन विधेयक अधिनियम 2025 को पास किया गया है। इस संशोधित अधिनियम से सरकार तथाकथित विकास के नाम पर उद्योगपतियों व रियल स्टेट व्यपारियों के लिए सस्ते में जमीन उपलब्ध करने का षड्यंत्र कर रही है विकास के नाम पर सेकड़ो सालों से बसे किसानों व गरीब लोगों को उनके घर व जमीन से सरकार जब चाहे तब बेदखल कर सकेगी और उसके एवज मे सरकार को कोई मुआवजा भी नही देना होगा।किसान अपनी सभी उपज पर एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के सही निर्धारण और किसानों को वाजिब दाम का मिलना सुनिश्चित कराने के लिए पिछले कई वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। दरअसल किसानों की यह मांग पूरी तरह जायज और न्याय संगत है। एक लोक कल्याणकारी राज्य में खाने पीने की वस्तुओं या खाद्यान्नों में बड़ी-बड़ी कंपनियों के दखल पर रोक होनी चाहिए। खाद्यान्नों पर बड़ी बड़ी कंपनियों के व्यापार और मुनाफा कमाने के कारण ही आज करोड़ों करोड़ लोगों को भूखा सोना पड रहा है. आम जनता को अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा महंगे खाद्य पदार्थों पर खर्च करना पड़ रहा है। कंपनियां मनमाने तरीके से खाने पीने की चीजों पर महंगाई को बढ़ा रही हैं, अगर खाद्यान्नों का खरीद और वितरण सरकारी नियंत्रण में रहे और सरकार स्वयं कृषि की तमाम उपज को किसानों से खरीदे और आम जनता में क्षमता अनुसार वितरण करें तो किसानों को तो राहत होगी ही साथ ही साथ आम जनता को भी भयावह महंगाई से निजात मिल सकती है। बिजली बिल 2025 रद्द किया जाए, स्मार्ट मीटर लगाना बंद किया जाए। एवं 94 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करना नहीं चलेगा, सभी गांव में शहरों में लाइट कटौती बंद किया जाए। ज्ञापन में आरोन ब्लॉक के सैकड़ों किसान शामिल हुए।

## भाजपा मंडल आरोन की कार्यकारिणी हुई घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ की कार्यकारिणी शीर्ष नेतृत्व एवं हिरेंद्र सिंह बंटी,एवं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार द्वारा दिनांक 23/3/26 को देर शाम हुई घोषणा जिससे समस्त कार्यकारणी क पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया एवं मंडल आरोन के सभी कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ ने बताया पद सीमित होते हैं कार्यकर्ता असीमित हैं मेरे लिए सभी कार्यकर्ता देव तुल्य है किंतु जैसे जैसे कार्यक्रम होंगे उनको भी भविष्य में जिम्मेदारी मिलती रहेगी में सभी कार्यकर्ताओं से बेहद खुश हूं कि उन्होंने इस कार्यकारणी का स्वागत किया और वह मेरे साथ कदम से कदम मिलकर चल रहे हैं । में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देता हूं ,और अपेक्षा करता हूं कि वह अपनी जिम्मेदारी संगठन के प्रति पूर्ण विश्वास निष्ठा से निभाएंगे जय भाजपा विजय भाजपा। महामंत्री - दयासागर शर्मा लखन जाटव उपाध्यक्ष - राजीव राजावत - कुलदीप रघुवंशी - वीर सिंह यादव - सरवन जैन -रविंद्र धाकड़ - दौलत खटीक -मंत्री- राजेश यादव - राकेश भार्गव - श्रीमती वर्षा कुशवाहा मनोज मीणा - श्रीमती मिथिलेश लक्ष्मी नारायण प्रजापति अर्जुन सिंह कुशवाहा -कार्यालय -मंत्री कमल किशोर शर्मा - संजीव ग्वाल कोषाध्यक्ष- श्रीमती कविता विशाल सोनी - श्रीमती चंदो प्रीतम अहिरवार मीडिया प्रभारी-ओम प्रकाश साहू - कमल अहिरवार आईटी सेल-सौरभ श्रीवास्तव - गोलू अहिरवार प्रचार मंत्री- श्रीमती मोहिनी साहू मन की बात प्रभारी- दिनेश शर्मा आदि ।



## शबरी जयंती पर हुई गंगा मां की आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

मां शबरी जयंती के शुभ अवसर पर गंगा समग्र मध्य भारत शाखा गुना द्वारा सिंगवासा तालाब पर गंगा मां का पूजन एवं सामूहिक आरती की गई।इस अवसर पर भारत विकास परिषद अहिल्या शाखा गुना की अध्यक्ष श्रीमती इंदु सोनी और समिति की सभी सदस्य, उषा हरिशंकर विजयवर्गीय, श्रीमती अनामिका शर्मा, श्रीमती शोभा चौबे,रेखा पाण्डेय, बृजभूषण शर्मा संयोजक विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना,, रामस्वरूप सेन, पंडित मनोज शर्मा पत्रकार तथा प्रचार प्रमुख विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना, उमाशंकर भार्गव, हरीश सोनी सहित विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना की महिला मंडल की कार्यकर्ता ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। भुजरिया तालाब के संत श्री राघवेन्द्र दास ने उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने गणगौर का पूजन कर तालाब में विसर्जन किया। श्रीमती इंदु सोनी ने कहा कि प्रति पूर्णिमा को मां गंगा की आरती करने का संकल्प लिया जिसका उपस्थित सभी धर्मप्रेमियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।



## संगीतमय श्री राम कथा में रामायण का माहात्म्य वर्णित, भक्तिमय माहौल





हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

ग्राम पुरा लखनवास स्थित शांति आश्रम छतरी सरकार श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में संगीतमय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संतों के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है।कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका साध्वी किशोरी प्रिया रामायणी तिवारी द्वारा संगीतमय शैली में किया जा रहा है। प्रथम दिवस पर कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा के दौरान श्री रामचरितमानस के माध्यम से रामायण के महत्व और उसके आध्यात्मिक संदेशों का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।प्रतिदिन निर्धारित समय पर आयोजनकथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान विशन सिंह मीना हैं, जबकि समस्त क्षेत्रवासी इसके आयोजक हैं।आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ लेने की अपील की है। यह आयोजन क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर रहा है।

स्वयं को गुजरात का व्यापारी बताया, लेकिन महाराष्ट्र की जानकारी सामने आई

## स्कूली बैग व पानी की बोटल के नाम से फेसबुक पर 24 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर




ठगी के नाम पर कब किसके साथ क्या हो जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। ठग तरह तरह के तरीके अपना रहे हैं ऐसे ही एक ठग ने अशोकनगर के चर्चित व्यक्ति गिरीश पटवा को ठग लिया। इन ठगों ने अपने आपको गुजरात का होना बताया और वह महाराष्ट्र के रहने वाले थे। फेसबुक पर स्कूली बैग और पानी की बोटल के नाम पर 24 हजार 800 रूपए ठग लिए जिसकी शिकायत फरियादी गिरीश पटवा ने सिटी कोतवाली पुलिस में की है।

अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि 15 मार्च को फेसबुक के आधार पर स्कूली बैग एवं पानी के बोतल के नाम पर खोद इंटरप्राइजेज राजकोट गुजरात पर स्कूली बैग और बोतल दिखाकर आर्डर बुक किया गया था आर्डर बुक करने के बाद 23 हजार 500 रूपए का बिल बना जिसमें स्कूल बैग व पानी बोटल शामिल थे। उन्होंने अपना व्हाटस्एप नम्बर 7055455282 द्वारा एक क्यू आर कोड भेजा जो कि रविकांत के नाम से था। जिसके बाद मेरे द्वारा 15 मार्च को 500 रूपए भेजे गए प्राप्त होने के बाद 15 मार्च को फिर से 2300 हजार रूपए फोन पे से उसी क्यूआर कोड पर भेजे गए जो कि रविकांत के नाम से था। उसके बाद मुझे उक्त फर्म द्वारा राजकोट गुजरात से पार्सल का फोटो डाला और कहा कि पार्सल पैकिंग और भाड़े के 1300 रूपए दूसरे क्यूआर कोड पर डालने को कहा जो कि अमरलाल सेन, किशनलाल सेन के नाम पर है। इस तरह 24 हजार 800 रूपए मेरे द्वारा डाले गए। इस तरह से मेरे साथ ठगी की गई है इन ठगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है जिनकी जानकारी पोरसी जिला अमरावती महाराष्ट्र के नाम पर आ रही है। जिसे लेकर उन्होंने आम लोगों से भी कहा है कि वह इस तरह के लोगों से बचें ताकि उनके साथ ठगी न हो सके।



### शिक्षक पात्रता परीक्षा रोकने हेतु शिक्षक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

**अशोकनगर।** शिक्षक कांग्रेस द्वारा शिक्षक संवर्ग की शिक्षक पात्रता परीक्षा रोके जाने हेतु मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष भोलाराम शर्मा द्वारा जिले के समस्त पदाधिकारी एवं शिक्षक साथियों के साथ प्रांतीय निर्देश अनुसार 24 मार्च को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम से जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया शिक्षक संवर्ग में जिनकी सेवा 20 से 25 वर्ष हो चुकी है उनकी शिक्षक पात्रता परीक्षा लेना न्याय संगत नहीं है ऐसे शिक्षक जिनकी नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावशील होने के पूर्व जिन शर्तों के आधार पर की गई है उन्हें पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान की जावे। दूसरी मांग है संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत सामान्य का अधिकार एवं सेवा सिद्धांतों व नैसर्गिक सिद्धांतों का पालन करना सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन में यह मांग रखी गई कि मुख्यमंत्री संवेदनशीलता दिखाते हुए शिक्षकों के हित में शिक्षक पात्रता परीक्षा को तत्काल स्थगित करें, जिससे शिक्षक भय मुक्त वातावरण में अपना अध्यापन कार्य सुचारू रूप से कर बच्चों का भविष्य सवार सकें। ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री बलराम शर्मा, जिला सचिव मुकेश सोनी, उपाध्यक्ष जय सिंह अहिरवार, कोषाध्यक्ष साकेत पांडे, क्रांति प्रतिनिधि गुलाब सिंह दांगी सहित शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 116 आवेदकों की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 116 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जनसुनवाई में अशोकनगर निवासी अलीम खान द्वारा बैंक लोन की किस्त 6000 रूपए करवाने,ग्राम सिलवाराखुर्द निवासी रामप्यारी आदिवासी द्वारा रसोईया के पैसे दिलाए जाने,ग्राम करख्या निवासी कृष्णगोपाल रघुवंशी द्वारा खसरा दुरूस्ति कराए जाने,ग्राम हैदर निवासी रामप्यारी बाई द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने,ग्राम अमाही निवासी गजन आदिवासी द्वारा भूमि का कब्जा दिलाए जाने,ग्राम सिजावट निवासी सुमित शर्मा द्वारा परिवार आईडी में नाम जोड़े जाने,ग्राम सिलपटी निवासी सुनील जाटव द्वारा प्रधानमंत्री आवास में बाधा डाले जाने,ग्राम जलालपुर तूमैन निवासी जगन्नाथ यादव द्वारा पट्टा अमल कराए जाने,वार्ड क्रमांक 5 अशोकनगर निवासी हनुमंत सिंह अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने,ग्राम फतेहपुर निवासी विशनकुमार सेन द्वारा भू अभिलेखों में नाम दर्ज कराए जाने,ग्राम बडौली निवासी दिनेश अहिरवार द्वारा भूमि पट्टा दिलाए जाने,ग्राम पारकना निवासी विजय महोविया द्वारा पक्की सड़क का निर्माण कराए जाने,ग्राम काकाखेड़ी निवासी मूलचंद आदिवासी द्वारा मछली पालन की अनुमति दिलाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में सीइओ जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, सोनम जैन, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### सफलता के मंत्र कार्यक्रम का लाईव प्रसारण दिखाया गया



**अशोकनगर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार, भोपाल से प्रसारित 'सफलता के मंत्र' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों के लिए किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सेवा परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस प्रेरणादायक प्रसारण के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा प्राप्त हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनु राजेश ने इस संवाद के महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु लाइव प्रसारण को अत्यंत लाभदायक बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ. दीक्षा भट्ट, डॉ. अनसिंह चैहान, प्रवीण कौशिक, अरविंद कौशिक सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम का लाभ उठाया और इसे अत्यंत प्रेरणादायक बताया।

## लीनेश क्लब सर्वमंगला ग्रीष्मकालीन में परिंदों के लिए लगा रही हैं सकोरे




हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर।

ग्रीष्मकाल का मौसम प्रारंभ हो गया है, इस मौसम के प्रारंभ होते ही शहर से लेकर गांव तक पानी की कमी नजर आने लगी है, धूप में तेजी है जिसके कारण आम आदमी से लेकर वन्य प्राणी और खुले आकाश में कुलांचे भरने वाले परिंदों को भी पानी की जरूरत है। दया और मानवता को लेकर अशोकनगर लीनेश क्लब सर्वमंगला द्वारा पक्षियों के लिए सकोरे टांगे जा रहे हैं।

मंगलवार को लीनेस क्लब सर्वमंगला ने बढ़ती धूप और गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे लाकर पेड़ों व छत पर रखे गए। जिससे बेजुबान नन्हे पक्षियों को प्यास लगने पर पानी मिल सके। क्लब की चार्टर्ड अध्यक्षा लीनेस दिव्यप्रभा तायडे, अध्यक्षा लीनेस अमिता खेर,सचिव लीनेस अंजना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष परमीत सेठी,च्त्० लीनेस सुचिता जोशी, लीनेस संपदा वैद्य, लीनेस मनीषा ओझा ने मिलकर पक्षियों के लिए तपती धूप में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे भर कर रखने का संकल्प लिया।

**जनवरी से मार्च तक विभिन्न धाराओं में 38 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित**

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर हार्वेस्टर चालक पर 10,500 का बनाया चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में यातायात प्रवर्तन की सतत कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर चेकिंग पॉइंट स्थापित कर भारी वाहनों के दस्तावेजों की जांच तथा दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही के साथ समझाइश भी दी जा रही है।

इसी क्रम में मंगलवार को थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक स्नेहा ठाकुर द्वारा राजमाता चैराहे पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक हार्वेस्टर को रुकने का संकेत दिया गया, परंतु चालक द्वारा वाहन न रोकते हुए आगे बढ़ गया। तत्पश्चात युगल सरकार मंदिर के पास हमराही फोर्स की सहायता से वाहन को रोका गया। जांच के दौरान चालक से वाहन संबंधी दस्तावेज एवं ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई, जिसमें हार्वेस्टर का बीमा न होना पाया गया। साथ ही वर्दीधारी पुलिस द्वारा दिए गए संकेत की अवहेलना करना एवं वायु प्रदूषण संबंधी नियमों का उल्लंघन पाया गया। उक्त उल्लंघनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 146/196, 115/190(2), 132/177 के अंतर्गत कुल 10,500 का चालान किया गया।





**कार्यालय, नगर पालिका परिषद गुना (म.प्र.)**

Ph.No. 252622 (का.), 254555 (सी.एम.ओ.नि.)

क्रमांक 903 ईनिविदा/2025-26 दिनांक 24/03/2026

विज्ञप्ति क्रमांक 10/ ई-निविदा/ न.पा. गुना /2025-26

निविदा विज्ञप्ति सूचना नगरपालिका क्षेत्र में नाला / नाली एवं पुलिया सफाई कार्य हेतु आयटम रेट ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www. Mptenders .gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (रू) ई.एम.डी (रू.) निविदा प्रपत्र की राशि | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि | 1. कार्य की समय अवधि 2. आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_491185_1 | नगरीय क्षेत्र क्र 01 से 37 तक छोटे / बड़े नालो की सफाई एवं पुलियों की सफाई मैन्युअल लेबर द्वारा ट्रेक्टर ट्राली लगा कर कराने हेतु कार्य । | रु. 8.00 लाख<br>रु. 40000/केवल<br>रु. 2000.00 | 07/04/2026 | 1.2026-2027<br>2. प्रथम आमंत्रण |

Note:-
1. टेंडर क्रय करने एवम् टेंडर डालने की अंतिम तिथि 07/04/2026 साँय 5.30
2. टेंडर खोलने की तिथि 09/04/2026 साँय 5:00

श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, गुना (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी आशू नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आसिफ खान ने शराब के लिए पैसे मांगे न देने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी मीना पत्नि राजेश सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रिंस जैन एवं अन्य दो साथियों ने उसके घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर निवासी अलोफा बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अतर सिंह अहिरवार और श्यामकिशोर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत विजयपुरा निवासी रचना कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रांठ निवासी अनंत सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू कौरी ने उससे डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सोनू कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनंत और चंचल सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैंसा निवासी छोटू ढीमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल, देशराज और भरोसा रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कैथन निवासी वेदकला यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहन, देवेन्द्र, विशाल, नमन और जतिन यादव ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**अशोकनगर।** थाना कचनार अंतर्गत दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 12,000 के अर्थदण्ड से विशेष न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी 2025 को फरियादी द्वारा थाना कचनार में उपस्थित होकर अपनी 15 वर्षीय नाबालिग भांजी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस पर थाना कचनार में अपराध क्रमांक 10/2025 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपहृता को ग्राम तूमैन के संक्रांति मेले से आरोपी जगदीश अहिरवार के कब्जे से सकुशल दस्तयाब किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में धारा 65(1) बीएनएस तथा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया तथा आरोपी जगदीश अहिरवार पुत्र कप्तान सिंह अहिरवार निवासी ग्राम सावन को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण क्रमांक एससी 06/2025 में न्यायालय विशेष न्यायाधीश प्रकाश क्रिकेट्टा द्वारा सुनवाई उपरांत, विवेचना के दौरान संकलित पीड़िता के कथनों, भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों तथा अन्य प्रमाणों के आधार पर आरोपी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 12,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिसमें आवेदन पक्ष की तरफ से सहायक लोक अभियोजन अधिकारी यशपाल सिंह यादव द्वारा अभियोजन की तरफ से दोषसिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया गया।

### नवांकुर संस्थाओं का बैठक सह प्रशिक्षण संपन्न

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन सुशील बरुआ संभाग समन्वयक ग्वालियर की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में उद्यानिकी विभाग के उपसंचालक गिरवाल द्वारा नर्सरी स्थापना के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

### नवरात्रि में माता के दरबार में भक्तों की उमड़ रही भीड़

# जिले के माता के प्रसिद्ध शक्ति स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के पीठ स्थल इन दिनों श्रद्धालुओं में आस्था के केंद्र बने हैं यहां आस्था और भक्ति की बयार बह रही है बड़ी संख्या में श्रद्धालु चैत्र नवरात्रि के मौके पर माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं यहां नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है अशोकनगर जिले के साथ-साथ बाहरी स्थानों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

### तूमैन की विध्यवासिनी माता

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में तूमैन की विंध्यवासिनी माता का मंदिर अत्यंत प्राचीन है यहां माता लोगों की मनोकामना पूरी करने वाली है। इस स्थान पर माता का प्रति दिन श्रृंगार किया जा रहा है यहां निरंतर ज्योत जलती रहती है, यहां का स्थान प्राचीनता से जुड़ा हुआ है। कहते हैं कि तूमैन राजा मोरध्वज की नगरी थी और उनके पुत्र तुंगध्वज हुए उनके द्वारा इस माता के मंदिर में आकर आराधना की जाती थी। आराधना स्थल काफी पुराना है यहां पूरे वर्ष पर श्रद्धालु आतें जाते हैं। तूमैन एक प्राचीन नगरी है इस नगरी के उत्थान की आवश्यकता है। यहां विंध्यवासिनी माता के अलावा अनेक मंदिर भी है जो दर्शनीय है। इसी स्थान पर जैन और हिंदू शिल्प की प्रतिमाएं कई स्थानों पर देखी जा सकती हैं। नवरात्रि के दिनों में यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। यह स्थान अशोकनगर से 8 किलोमीटर दूर है अशोकनगर से कचनार जाने वाले मार्ग पर यह गांव बसा है यहां आसानी से माता के दर्शन हो जाते हैं।





### चंदेरी की जागेश्वरी देवी मां का अदभुत दरबार

जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी में जागेश्वरी देवी मां का दरबार एक पहाड़ पर बना हुआ है यहां पहुंचने के लिए सीढीयों से जाना पड़ता है। इस मंदिर के पास एक ताल भी बना हुआ है चंदेरी की जागेश्वरी देवी मां के बारे में श्रद्धालुओं को हमेशा तरह-तरह के चमत्कार सुनने के लिए मिलते रहते हैं। यहां देवी मां जागती हुई अवस्था में है इसलिए इसका नाम जागेश्वरी देवी कहा जाता है। इस स्थान पर पूरे वर्ष पर श्रद्धालुओं में पहुंचना लगा रहता है। इस स्थान पर चैत्र नवरात्रि का मौका हो या शारदीय नवरात्रि का अवसर हो हमेशा श्रद्धालु पहुंचते हैं। कहते हैं कि देवी मां पहाड़ तोड़कर यहां प्रकट हुई थी। यह भी कहा जाता है की राजा को देवी ने स्वप्न में अपना रूप प्रकट कर दिखाया था और कहा था कि सात दिन तक यहां का द्वार न खोले लेकिन राजा ने जिज्ञासा बस तीसरे दिन ही द्वार खोल दिया तब देवी का केवल मुख प्रकट हुआ था। उसके पश्चात पर आगे देवी का स्वरूप प्रकट नहीं हुआ। एक कथा यह भी है कि चंदेरी के शासक राजा कूर्म को कुष्ठ रोग था, शिकार में पानी से व्याकुल होने के दौरान पानी को तलाशते हुए जब पहुंचे तब यहां का जल पीते ही उनका कोड दूर हो गया था। वही एक दिव्या वाला दिखाई थी जो तुरंत विलीन हो गई थी, स्वप्न में उसी ने राजा से कहा कि मैं शिशुपाल के यज्ञ स्तर पर प्रकट होना चाहती हूं, तू मंदिर बना। पर 9 दिन तक उसका द्वार न खोलना महाराज ने वैसा ही किया, पर तीसरे दिन ही दरवाजा खोल दिया माता विशाल चट्टान फोड़कर प्रकट हुई और मुखारविंद का दर्शन हो सका। देवी मां के मंदिर से लगी हुई एक गुफा भी है यहां पर दो कुंड है जिन्हें बहुदा लोग गंगा जमुना के नाम से जानते हैं। पहाड़ के ऊपर से झरने का पानी बहता हुआ आता है। इस स्थान को राज्य सरकार जागेश्वरी देवी लोक के रूप में विकसित कर रही है, इसके बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में और भी अधिक हो सकती है। यह स्थान अशोकनगर मुंगावली चंदेरी और उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के लोगों के लिए तथा शिवपुरी जिले के लोगों के लिए के लिए देवी मां आराधना के रूप में विख्यात है। यहां जागेश्वरी देवी के नाम पर एक मेले का आयोजन भी होता है जो वर्तमान में चल रहा है।

### कदवाया की बीजासन माता आंखों की रोशनी बढ़ाने वाली हैं

जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर कदवाया की बिजासन माता का दरबार अत्यंत प्राचीन और विभिन्न प्रकार की किवदंतियों से जुड़ा हुआ है। इस स्थान पर आने वाले श्रद्धालु एक बार आने के बाद बार-बार आते हैं इस बिजासन माता का दरबार लोगों की मनोकामना पूरी करने वाला है। कहते हैं कि माता के दर्शन करने से आंखों की नेत्र ज्योति बढ़ती है कई किस्से भी इस बारे में सुने जाते हैं। यहां पूरे वर्ष भर में हर चतुर्दशी को मेला लगता है दुकानें सजती हैं। वैसे तो नवरात्रि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है लेकिन साल भर इस स्थान पर श्रद्धालु आते हैं और कदवाया की बड़ी पहचान देवी मां बीजासन के रूप में की जाती है। यह स्थान अशोकनगर से शिवपुरी से चंदेरी और खनियाधाना से सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। यहां जाने के लिए लोग अपने निजी वाहनों से भी आते हैं और यहां पहुंचने के लिए बसों का संचालन भी होता है। लोग आसानी से कदवाया में बीजासन माता के दर्शन कर अपने आप को धन्य मानते हैं यह स्थान यहां का सबसे बड़ा स्थान है। नवरात्रि के दिनों में लोग जवारे लेकर भी पहुंचते हैं और माता के दरबार में 24 घंटे ज्योत जलती रहती है। कदवाया की प्राचीनता और यहां की ऐतिहासिकता के साथ कदवाया की देवी मां मंदिर भी विशेष स्थान रखता है।

## संसार चक्र में किसी के कहने से कोई परिवर्तन नहीं होताः मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सुभाषगंज में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने कहा कि हर भक्त के मन में दया भावना का भाव रहता है आपके सामने गाय बीमार हो जाती है तो मन्दिर आते हुए भक्त विचलित हो जाते हैं। बहुत करने की चाह रहते हुए कुछ नहीं कर पाते।

उन्होंने कहा कि लेकिन आप लोगों ने गतवर्ष गौ चिकित्सालय पशु अस्पताल की भावना भाई थी हमारे बड़े महाराज मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने भी दया भावना को बहुत आशीर्वाद दिया था। यह दया भावना हर व्यक्ति के अंदर होना चाहिए इससंसार में ये जन्म मरण का चक्र चल रहा है यह किसी के कहने से इसमें कुछ भी परिवर्तन नहीं होने वाला यह कर्म के अनुसार जिस रूप आना हो आता है। यह अलग बात है कि निमित्त ज्ञान बता दे कि पुत्र या पुत्री होगी आठ कर्म आपके मन में भाव पैदा नहीं करतें वह आठ कर्म सबसे पहले हमारे हड्डी में मांस शरीर खून में उतरते हैं मन दो प्रकार के द्रव्य मन और भाव मन है यह हड्डी में मांस में खून में मिलकर उसके अनुसार कर्म के लिए प्रेरित करते रहते हैं। इस तरह यह कर्म के अनुसार हो रही है उसे तुम रोकना चाहते हो वह रोक नहीं पाते। पूर्व के आठ कर्म आपके हड्डी मांस खून में ये दुरगुण उतर गये गुण नहीं आते इनको रोकने के लिए



पुरुषार्थ करना होगा। तुम दस गुण के स्वामी बनों। दया करूणा क्षमा करने चाहते हैं पहले इस शरीर में भरा पड़ा है उसको बाहर निकालना होगा।

भोजन करके जितना कर्म काटे जा सकते हैं उतना उपवास करके भी नहीं काटे जा सकते

इस दौरान मुनि श्री ने कहा कि भोजन करके जितना कर्म काटे जा सकते हैं उतना उपवास करके भी नहीं काटे जा सकते। यदि भोजन का ही विज्ञान नहीं है तो मंत्र तंत्र कुछ भी काम नहीं कर पायेंगे जीवन की पहली साधना तन की सुंदर तन को पाना है सबसे पहले हड्डी मांस खून को शुद्ध बनना होगा जैसे पेन के अंदर भरी रहती है उसको साफ़ करने के लिए हजारों बूंद पानी डालना होगा तव वह साफ होगा और जो आप उसमें नया डालना चाहते हैं वह प्रभाव दिखायेगा। भोजन को कभी ध्रणा के भाव से मत देखना भोजन को देखना सीखना पड़ेगा।

## रामनवमी पर जिले के चंदेरी और ओरछा को मिल रही है पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा

अशोकनगर। मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत की गई है, अब इस सेवा से चंदेरी पर्यटन नगरी जुड़ने जा रही है, चंदेरी के वायु मार्ग से जुड़ जाने पर अशोकनगर जिला भी वायु सेवा से जुड़ जाएगा। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि जिले एवं चंदेरी को मिलने जा रही है। जिसका शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 27 मार्च को रामनवमी के पावन अवसर पर भोपाल से हरी झंडी दिखा कर सेवा का शुभारंभ करेंगे।

यह पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा भोपाल चंदेरी ओरछा के लिए प्रारंभ हो रही है, जिससे चंदेरी से ओरछा एवं भोपाल को वायु मार्ग से जाया जा सकेगा। इस सेवा को जेट सर्व एवियशन और उसकी सेवा प्रदाता कंपनी फ्लाईओला संचालित करेगी, इस सेवा का जो शेड्यूल जारी किया गया है, उसके मुताबिक चंदेरी से पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा गुरुवार, शनिवार एवं रविवार को मिलेगी। इसके लिए चंदेरी में किला कोठी के निकट हेलीपैड पर व्यवस्थाएं की गई है। ज्ञातव्य हो कि, 27 जनवरी को पर्यटन एवं मुख्यमंत्री के सचिव वरिष्ठ आईएएस ईलैयाराजा. टीके द्वारा अशोकनगर कलेक्टर को पत्र लिखकर इस सेवा के शुभारंभ होने की सूचना दी थी और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं प्रदान करने हेतु निर्देशित किया था, इसके पश्चात अशोकनगर जिला प्रशासन एवं चंदेरी प्रशासन द्वारा संपूर्ण कार्रवाई एवं अनुमतियां संपादित कर दी गई है। इस सेवा के प्रारंभ होने का जिले वासियों को इंतजार है।




### गोलाकोट को भी पीएम श्री सेवा से जोड़ने की मांग

चंदेरी की सीमा से जुड़े शिवपुरी जिले के खनियांधाना तहसील के अंतर्गत आने वाले गोलाकोट तीर्थ क्षेत्र को पीएमश्री हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ने की भी मांग की गई है यह वहीं स्थान है जहां गोलाकार पहाड़ियों को काटकर इसे अनुपम क्षेत्र बनाया गया है। यहां का मंदिर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की तरह है तथा इस स्थान पर 3स्टार होटल और आधुनिक भोजनशाला होने के कारण बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन हो रहा है। यदि इसे ओरछा चंदेरी के बाद गोलाकोट से जोड़ दिया जाए तो राजस्व की अतिरिक्त प्राप्ति होगी और कम समय में लोग दर्शन कर आ जा सकेगें। क्योंकि ओरछा भी रामराजा सरकार का दरबार है और चंदेरी ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी है साथ में गोलाकोट भी जैन धर्म का धार्मिक स्थल है। इस आशय की मांग जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल ने की है।

## मोनालिसा के बाद अब चंदेरी के गणगौर मेले की शिवपुरी की नृत्यांगना ने मचाया धमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऐतिहासिक नगरी चंदेरी में इन दिनों गणगौर मेले की धूम है। वैसे तो यहां की विरासत और संस्कृति हमेशा से चर्चा में रहती है, लेकिन इस बार सोशल मीडिया पर एक खास वजह से चंदेरी का मेला छाया हुआ है। कुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा के बाद अब गणगौर शोभा यात्रा में शामिल हुई शिवपुरी की एक नृत्यांगना की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

**शिवपुरी से आई थीं नृत्यांगनाएं:** चंदेरी में प्रतिवर्ष गणगौर शोभा यात्रा के अवसर पर विशेष नृत्य प्रस्तुतियों के लिए शिवपुरी से कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष भी चार नृत्यांगनाएं यहाँ आई थीं, जिनमें से एक अपने शानदार नृत्य और अंदाज के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गईं। उनकी झलक पाने और वीडियो बनाने के लिए मेले में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



**मेले की खास बातें जित्तू खरे का बुंदेली तड़का**तीन दिवसीय गणगौर शोभा यात्रा का औपचारिक समापन हो गया है, लेकिन मुख्य मेला 5 अप्रैल तक जारी रहेगा। मेले में लगातार बुंदेली लोकगीत और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार जित्तू खरे बादल का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्हें सुनने के लिए चंदेरी और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के पहुँचने की उम्मीद है।

**नपा को हुई लाखों की बचतः** इस वर्ष चंदेरी नपा ने मेले के आयोजन के तरीके में बड़ा बदलाव किया है। मुख्य नपा अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पहले जब नपा सीधे मेला आयोजित करती थी, तो लाखों रुपए खर्च होते थे जिनका हिसाब-किताब स्पष्ट नहीं हो पाता था। इस बार हमने व्यवस्था को पारदर्शी बनाते हुए मेले का टेंडर जारी किया। इससे न केवल 30 लाख रुपए की बचत हुई है, बल्कि ठेकेदार के माध्यम से व्यवस्थाएं भी बेहतर हुई हैं। प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में इन व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार किया जाएगा ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बेहतर अनुभव मिल सके।

### ट्रेन से यात्री हो सकेंगे लाभान्वित, यात्रा करने में लोगों को होगी सुविधा

# मेमू ट्रेन को गुना से बीना तक बढ़ाए जाने की लोग कर रहे मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के संसदीय क्षेत्र में अधिक से अधिक नागरिकों को सुविधाएं मिलें। इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए लेकिन ग्वालियर से रूठियाई के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन में गुना जिले के कईं स्टेशनों के साथ अशोकनगर जिले की उपेक्षा की गई है। टेन चल रही है लेकिन अशोकनगर जिले को उसका कोई लाभ नहीं है। यदि इसी ट्रेन को गुना से रूठियाई भेजने के स्थान पर गुना से बीना की ओर चलाया जाए तो यह टेन ग्वालियर मुंबई रेल मार्ग पर बसे सबसे बड़े रेल जंक्शन बीना से जुड़ सकेगी। इस टेन से पूरा संसदीय क्षेत्र लाभान्वित होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अशोकनगर जिले को इस टेन का कोई लाभ नहीं मिलेगा, जबकि रूठियाई से ग्वालियर के बीच अनगिनत टेनें चल रही हैं। जबकि अशोकनगर जिले से ग्वालियर जाने के लिए मात्र दो टेन हैं।

यदि सांसद सिंधिया उसी समय इस नई मेमू ट्रेन को अशोकनगर के रास्ते संचालित होने की मांग कर देते तो आम जनता को इस समय मांग नहीं उठानी पड़ती। सांसद सिंधिया के मांग की पूर्ति अब रेल मंत्रालय करने जा रहा है, जिसके लिए नई ट्रेंन संचालन हेतु रेक प्रदान कर दिया गया है। ग्वालियर में पिटलाइन में इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन की सुविधा हेतु रेल अधिकारियों ने रेल बोर्ड से अनुमति मांगी है। यह नई चलाई जाने वाली ट्रेन को रुठियाई से ग्वालियर के बीच चलाई जाने हेतु तैयारी चल रही है। इस नई मेमू ट्रेन को रुठियाई के जगह अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन तक चलवाए जाने की मांग अशोकनगर वासियों के द्वारा क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की जा रही है क्योंकि अभी रेल बोर्ड के द्वारा इसका आदेश जारी नहीं हुआ है।



इस नई ट्रेन की सुविधा से अशोकनगर जिला वंचित हो रहा है, यदि यह ट्रेन गुना के आगे अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन तक कनेक्ट हो जाएगी तो इससे अशोकनगर जिले वासियों को ग्वालियर के लिए नई ट्रेन मिल जाएगी और मुंगावली पिपरई अशोक नगर के लोगों को बहुत लाभ होगा। अभी यह मौका है जब रेलवे बोर्ड के आदेश से पूर्व इस नई मेमू ट्रेन को अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन तक कनेक्ट करवाया जा सकता है। अशोकनगर जिले को रेलवे विभाग द्वारा दोयम दरजे पर हर समय रखा जा रहा है, जहां रुठियाई तक मेमू ट्रेन को बढ़ाने के लिए रेलवे के कुछ अधिकारी कर्मचारी अपनी जोर अजमाइश कर रहे हैं, वहीं यही रेलवे के अधिकारी बीना गुना रेल खंड पर तमाम तरह के नकारात्मक अवरोध लगाकर अशोकनगर जिले को विभिन्न ट्रेनों से वंचित कर रहे हैं। इसका संज्ञान अशोकनगर जिले के जनप्रतिनिधियों एवं सिंधिया समर्थकों को लेना चाहिए क्योंकि इससे अशोकनगर जिला बहुत पीछे हो रहा है और रेल आवागमन से वंचित हो रहा है।

### छात्र-छात्राओं, मरीज, व्यापारियों, आम नागरिकों एवं ग्रामीणों को होगा फायदा

अशोकनगर से भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी के अलावा बीना ग्वालियर ट्रेन है जिससे कि लोग ग्वालियर जा सके। आमतौर पर ग्वालियर लोग उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने तथा ग्वालियर में इलाज आदि करने को जाया करते हैं, क्षेत्र के कई छात्र-छात्राएं ग्वालियर में अध्यनरत है और ग्रामीण जन भी ग्वालियर आया जाया करते हैं। यहां का संभागीय मुख्यालय भी ग्वालियर है, यदि नई मेमू ट्रेन को अशोकनगर के रास्ते बीना जंक्शन तक किए जाने का आदेश रेलवे बोर्ड द्वारा जारी कर दिया जाता है तो इससे बीना, मुंगावली, पिपरई ,अशोकनगर के बड़े भूभाग के लोगों को फायदा मिलेगा, इस पर क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ध्यान देना होगा और उनके जो समर्थक जिले में निवास रत हैं,उनको भी इस बारे में सांसद को पुरजोर तरीके से अवगत कराना होगा, ताकि नई मेमू ट्रेन गुना से आगे अशोक नगर के रास्ते बीना जंक्शन तक संचालित हो जाए और अशोकनगर जिले वासियों को भी इससे लाभ मिल जाए।

### ट्रेनों का संचालन न होने में मुख्य अडंगा रेलवे के अधिकारी हैं

पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय, मुख्यालय जबलपुर के अधिकारियों से जब रेलवे बोर्ड द्वारा अशोकनगर से ट्रेनों के संचालन संबंध में लिखित टीप मांगी जाती है, तब रेलवे के अधिकारी लोग बीना गुना रेल खंड में 12:45 से 3:45 तक कॉरिडोर ब्लॉक होने की बात लिखते हैं, ट्रेनों के संचालन में अनुरक्षण, पिटलाइन न होने का हवाला देते हैं और जो ट्रेनें पूर्व में चल रही थी, उन्हें पुनः चलाने के बारे में समय का अभाव एवं सुरक्षा का हवाला देकर नकारात्मक टिप्पणियां करते हैं, जिसके कारण रेल बोर्ड के द्वारा कई मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। यदि इन रेलवे के अधिकारियों को जबरदस्त फटकार लग जावे और इन्हे सही-सही टीका टिप्पणी करने को बोला जाए तब कहीं जाकर अशोकनगर से तमाम ट्रेनों का संचालन बेहद आसानी से हो सकता है। इस संबंध में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को इन अधिकारियों की टिप्पणियों के बारे में और इन्हें फटकार लगाई जाने के संबंध में अनुरोध किया जा चुका है। अब यह देखना होगा कि, इन नकारात्मक अधिकारियों पर क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा क्या कार्रवाई होती है? और अशोकनगर को कितनी ट्रेनों की सौगात मिलती है।

## पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

# प्लानिंग कर तोड़ा घर, मालिक को बाइक पर बैठाकर घुमाते रहे, उधर गुंडे घर को तोड़ते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विवेकानंद चौराहे पर रविवार 22 मार्च की सुबह 11 बजे घर तोड़ने की घटना में अलग-अलग बात सामने आ रही है। पीड़ित परिवार ने 4 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन पुलिस ने नीतेश दुबे, लक्ष्मण मीना, वरुण मलिक को आरोपी बनाया है। चौथे व्यक्ति को अज्ञात बताया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला भी दर्ज कर लिया है। हालांकि धीरेंद्र चिड़ार की शिकायत पर पुलिस ने धारा 329(4), 331(3), 305 (ए) एवं एससी, एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर जांच टीम गठित कर दी गइ है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे व एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। सीसीटीवी फुटेज की जांच भी जारी है। पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर पूछताछ शुरू कर दी है। जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।



### मकान बेचने के दस्तावेज सोशल मीडिया पर किए गए वायरल

इधर सोमवार शाम को धीरेंद्र चिड़ार द्वारा उक्त मकान को पूरनपुरा लालधाऊ निवासी नीतेश दुबे को 26 लाख में बेचना बताया गया है। यह दस्तावेज मीडिया को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दस्तावेजों में लिखा है कि धीरेंद्र अपना मकान नीतेश को बेच रहा है और 26 लाख रुपए की पूरी रकम ले चुका है। इसी बात पर विवाद शुरु हुआ है लेकिन पीड़ित ने यह मकान सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर बनाया है।

### पीड़ित बोला: हैडसाहब आए थे, कहा था तुम्हारी रिपोर्ट है थाने आ जाओ

पीड़ित धीरेंद्र ने अपनी रिपोर्ट में बताया की सुबह एक हैडसाहब थाने से आए थे। उन्होंने कहा कि तुम्हारी रिपोर्ट है। दस्तखत करने थाने चलना है। एफआईआर के अनुसार लक्ष्मण मीना घर पहुंचा और उसने कहा घर का ताला लगा दो, मेरी बाइक से थाने चलते हैं। इसके बाद वह बाइक पर बैठाकर हमें शहर में यहां वहां घुमाता रहा। तभी मेरे बेटे दीपक का फोन आया कि अपना मकान टूट रहा है। धीरेंद्र ने बाइक चला रहे लक्ष्मण मीना से घर जाने का कहा तब भी लक्ष्मण उन्हे घुमाता रहा और कुछ देर घुमाने के बाद अस्पताल के पास छोड़कर चला गया।

### पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे कांग्रेसी

इधर खनिज विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी धीरेन्द्र चिढ़ार के मकान में बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ के बाद सोमवार को बड़ी संख्या में कांग्रेसी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने पीड़ित को प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से फोन पर बात कराई। पटवारी ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई, आर्थिक सहायता और सुरक्षा नहीं मिलने पर पार्टी स्वयं मकान का पुनर्निर्माण कराएगी। पीड़ित परिवार पिछले 30 वर्षों से इस मकान में निवास कर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और तहसील के नजदीक इतनी बड़ी घटना होना चिंताजनक है।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी द्वारा थाना सिविल लाइन में दर्ज अपराध में फरार आरोपी अंश उर्फ ओमी पुत्र अखिलेश शर्मा निवासी फेस-2 आरएमपी नगर की सूचना देने वालों को पांच हजार रुपए नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### ट्रेन में तबीयत बिगड़ी एक यात्री की मौत

**विदिशा।** बैतूल से काम कर भोपाल लौट रहे 48 वर्षीय मुरारी मीणा की ट्रेन में अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर सहयात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका, जिसके बाद उन्हें विदिशा में उतारकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दी गई। जीआरपी ने शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### जन्मदिन पर 15 लोगों ने किया रक्तदान

**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता कांस्बा ने पहल करते हुए अपने जन्मदिन पर ब्लड सेंटर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर अपना जन्मदिन मनाया। जिसमें परिवार, स्नेही जनों एवं सहकार्यकर्ता ने 15 लोगों ने रक्तदान किया।

## एजेंसियों को अंतिम नोटिस जारी किए

# विधायक की सख्त हिदायत के बाद सीसी निर्माण कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में लंबे समय से रुके पड़े निर्माण कार्य अब गति पकड़ने लगे हैं। 18 मार्च को नगर परिषद परिसर में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में विधायक मोहन शर्मा एवं नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बालाप्रसाद चंद्रवंशी की उपस्थिति में लिए गए निर्णय का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। विधायक ने निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए सभी जनप्रतिनिधियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्यों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियरों एवं कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी गई थी कि भुगतान या विवाद के कारण रुके कार्यों को एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ किया जाए।

इसी के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 9 में 94 लाख की लागत से लगभग 1200 मीटर लंबाई के सीमेंट कंक्रीट मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ करने से पहले वार्डवासियों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस दिए गए थे, जिसके बाद मंगलवार को अतिक्रमण हटाकर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। नगर परिषद द्वारा आठ निर्माण एजेंसियों को भी अलग-अलग वार्डों में कार्य प्रारंभ करने के लिए अंतिम नोटिस जारी किए गए हैं। निर्देश दिए गए हैं कि आगामी तीन दिनों में कार्य शुरू नहीं करने पर संबंधित एजेंसियों के टेंडर निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी

**इनका कहना है...**

सभी ठेकेदारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया और वार्ड क्रमांक 9 में अतिक्रमण हटाकर निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

लीलाधर सेन,
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर परिषद कुरावर

# सड़क की बदहाल स्थिति से व्यापारियों में आक्रोश तिलकचौक पर चक्काजाम

## नई बनी सड़क को पाइपलाइन डालने खोद डाला 20 दिन में भी मरम्मत न होने से बढ़ रहा आक्रोश



**विदिशा।** खराब सड़क के विरोध में प्रदर्शन करते हुए शहर के व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर के तिलक चौक क्षेत्र में सोमवार दोपहर उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब बड़ी संख्या में व्यापारियों ने सड़क की खराब हालत से परेशान होकर चक्का जाम कर दिया।

व्यापारियों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में तिलक चौक से नीमताल तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद पाइपलाइन डालने के लिए सड़क को दोबारा खोद दिया गया। व्यापारियों का आरोप है कि पिछले करीब 20 दिनों से सड़क खुदी हुई पड़ी है, लेकिन अब तक उसका सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया। इसके कारण सड़क पर गहरे गड्ढे हो गए हैं और उड़ती धूल से व्यापारियों, आम नागरिकों और ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चक्काजाम के दौरान व्यापारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द से जल्द सड़क सुधार की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई है।

### सरसों भावांतर योजना 1 अप्रैल से लागू पहले होगा सत्यापन

**विदिशा।** सरसों फसल पर लागू भावांतर योजना की तिथि बढ़ाकर अब 1 अप्रैल 2026 कर दी गई है। पहले यह 23 मार्च से शुरू होना थी, लेकिन शासन ने पंजीकृत किसानों के गहन सत्यापन के लिए समय बढ़ाया है। राज्य स्तरीय समीक्षा में कुछ जिलों में अधिक पंजीयन पर संदेह जताया गया था। इसके चलते डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं भू-अभिलेखों के आधार पर जांच की जाएगी। अधिकारियों को 31 मार्च तक सत्यापन पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि योजना का लाभ केवल पात्र किसानों को ही मिल सके।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम रोहित बम्होरे को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए किसानों और आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के किसान वर्तमान में कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेसियों ने सहकारी समितियों (सोसायटी) के ऋण जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि गेहूं खरीदी शुरू होने से पहले किसानों को राहत मिलनी चाहिए, ताकि वे अपनी उपज बेचकर ऋण चुका सकें। इसके अलावा, सोयाबीन के टैक्स फ्री आयात को रोकने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि इससे देश के किसानों को भारी नुकसान हो सकता है और बाजार में दाम गिरने की आशंका है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गेहूं की सरकारी खरीदी 4000 प्रति क्विंटल की दर से करने की मांग करते हुए कहा कि बढ़ती लागत के कारण किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। वहीं, विद्युत विभाग पर मनमानी के आरोप लगाते हुए बिना जांच बिजली चोरी के प्रकरण बनाने और वसूली करने पर रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही, गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और समय पर उपलब्धता नहीं होने की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, शोएब हसन राही सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# वेलनेस सेमिनार में सफाई मित्रों का हुआ हेल्थ परीक्षण




**कुरावर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर परिषद कुरावर में मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महाभियान अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए हेल्थ परीक्षण एवं वेलनेस सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन के निर्देशानुसार नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में चंद्रहस सेन, मनीष कांत विश्वकर्मा, बद्रीप्रसाद मीणा एवं सतीश सक्सेना द्वारा सफाई मित्रों एवं निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को फैट, कैलोरी, संतुलित खान-पान एवं स्वस्थ जीवन शैली के संबंध में आवश्यक जानकारी और सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बालाप्रसाद चंद्रवंशी, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना, पार्षद अनिल दरबार, दीपक राठौर, मनोज शर्मा, गोपाल सक्सेना, अरविंद मिश्रा, अमन शर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, अरविंद चंद्रवंशी, रिंकू दरोगा एवं सभी सफाई मित्र उपस्थित थे।

### मधुमक्खियों के हमले से अंतिम संस्कार में मची अफरा-तफरी, कई घायल

**कुरावर।** क्षेत्र के गिलाखेड़ी में एक अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर अंतिम संस्कार में शामिल हुए लोगों पर हमला कर देने से अफरा-तफरी मच जाने से कई लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक गांव की एक महिला भंवर कंवर का देहांत हो गया था। जिसके अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। श्मशान भूमि से करीब 500 मीटर दूर पीपल के पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ था। हमले के दौरान स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि मृतका के परिजन भी अर्थी को वहीं छोड़कर दूर हट गए। इस घटना में शिवराज राजपूत पिता जसमत सिंह, रघुवीर सिंह राजपूत पिता बापू सिंह, मोहन सिंह पिता रामसिंह राजपूत, जसवंत, जसरत सिंह तथा कमला प्रसाद शर्मा सहित कई लोग घायल हो गए। वहीं महिला के परिवार के सदस्य भी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। करीब दो घंटे तक हालात सामान्य नहीं हो सके, जिसके बाद दोबारा अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। घायल लोगों को इलाज के लिए कुरावर एवं पीलूखेड़ी के अस्पताल में पहुंचाया गया।

# जल्द सर्वे शुरू किया जाए, नरवाई जलाने वाले किसानों को दिए नोटिस भी वापस लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



ओलावृष्टि से गेहूं, चना और सरसों की फसलें प्रभावित हुई हैं। शीघ्र सर्वे शुरू कर किसानों को मुआवजा देने की मांग करते हुए सोमवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने अभी तक नुकसान का सही आकलन नहीं कराया और न ही राहत राशि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि ने किसानों की आजीविका छीन ली है, जिससे बैंक कर्ज चुकाना और पारिवारिक खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। कांग्रेसियों ने मांग की कि विशेष सर्वे कराया जाए और वास्तविक नुकसान के अनुसार मुआवजा दिया जाए। फसल बीमा की राशि शीघ्र किसानों के खातों में डाली जाए। बैंक का कर्ज माफ करते हुए केसीसी जमा करने की छूट दी जाए। किसानों के बिजली बिल माफ किए जाएं। नरवाई जलाने के नाम पर जो नोटिस जारी किए गए हैं, उन्हें वापस लिया जाए। श्री रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि सेटेलाइट से नरवाई जलाने वालों को नोटिस दिया जा सकता है, तो किसानों को मुआवजा क्यों नहीं।

### सम्राट उत्सव-2026 की धूम छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर



**विदिशा।** एसएटीआई में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'सम्राट उत्सव-2026' का शुभारंभ हुआ। पहले दिन रंगोली, हिंदी काव्य, वाद-विवाद, फेस पेंटिंग, एड-मेड शो, एकल गायन व लोक पोशाक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विद्यार्थियों ने सामाजिक विषयों पर प्रभावी प्रस्तुति दी। आज इंग्लिश प्रतियोगिताएं, डांस व शॉर्ट फिल्म, जबकि 25 मार्च को स्टॉल, मॉक पार्लियामेंट व समापन समारोह होगा। निदेशक डॉ. वायके जैन ने विद्यार्थियों को अनुशासन व सहभागिता का संदेश दिया।

## भैंसवा माता मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा में प्रेमभूषण महाराज के उद्गार

# धर्मशील व्यक्ति की प्रकृति भी हर कदम पर मदद करती है





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर

भारतीय सनातन संस्कृति में यह बार-बार प्रमाणित हुआ है कि जो भी व्यक्ति धर्म पथ पर चलते हुए संसार में विचरण करते हैं, उनके घर से दुख भी दूरी बना कर रहता है और ऐश्वर्य स्वयं चलकर उनके घर पहुंचते हैं। धर्मशील व्यक्ति के दरवाजे पर खुशियां अपने आप चल कर वैसे ही पहुंचती हैं, जैसे हर नदी अपने आप समुद्र की ओर चली जाती है। यह बात नवरात्री में भैंसवा माता मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा में प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज अयोध्या ने कथा के छठे दिन कहीं। श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज ने माता दुर्गा के इस जागृत शक्तिपीठ में श्री सीताराम विवाह प्रसंग का गायन करते हुए कहा कि धर्मशीलता ओढ़ी नहीं जा सकती है। धर्मशील रहा जा सकता है। आचरण में धर्मशीलता की उपस्थिति होनी चाहिए। आम जन जीवन में कहां उठना बैठना है, कहां नहीं जाना है, क्या खाना है? क्या नहीं खाना है किससे कुछ लेना है और किससे कुछ नहीं लेना है आदि-आदि यही तो धर्म है। जब कोई व्यक्ति धर्म पूर्वक धर्मशीलता के जीवन को जीने का प्रयास करता है तो भगवान भी उसकी मदद करते हैं। महाराज श्री ने कहा सनातन धर्म और परंपरा में गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने वाले वर-वधू यहीं से अपने जीवन की परमार्थ यात्रा की शुरूआत करते हैं। गृहस्थ आश्रम को सभी चार आश्रम में श्रेष्ठतम बताया गया है। सनातन परंपरा में विवाह संस्कार को समाज का मेरुदंड बताया गया है।

महाराज श्री ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में भगवान और भागवतों के साथ नहीं उलझना चाहिए। भगवान तो अपने प्रति किये गए किसी के दोष को क्षमा भी कर देते हैं। लेकिन, अगर उनके भक्तों के साथ किसी तरह का अन्याय होता है तो उसे भगवान कभी भी माफ नहीं करते हैं। यह हमारे विभिन्न सदग्रंथों में ही उदाहरण के साथ वर्णित है। मनुष्य को यह प्रयास करना चाहिए कि उससे कभी भी किसी साधु संत और भगत का अपकार नहीं हो। अगर ऐसा होता है तो परिणाम भी झेलने के लिए तैयार रहना होगा। कथा में सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर हजारों की संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए, झूमते नजर आए।

# शहीदों के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर भारत माता की उतारी आरती



**जीरापुर।** नगर की धार्मिक सामाजिक राष्ट्रीय भावनाओं से जुड़ी संस्था तिरंगा मित्र मंडल बुधवारिया बाजार द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वीर शहीदों की शहादत को याद करते हुए भारत माता के वीर सपूत भगतसिंह, राजगुरू सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

महज 22, 23 वर्ष की उम्र में भारत माता की रक्षा के लिए देश को आजाद करवाने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 23 मार्च 1931 को हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए। ऐसे महान सपूतों के बलिदान को याद करते हुए भारत माता की आरती उतारी और श्रद्धांजलि कार्यक्रम तिरंगा चैक बुधवारिया बाजार में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहां कि जिस उम्र में हम आज सीखते और समझने लगते है उस उम्र में तो तीनों वीर शहीदों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करवाने के लिए फांसी फंदे पर झूल गए थे। ऐसे महान वीर शहीदों से प्रेरणा लेकर हमारे देश भारत की उन्नति समृद्धि और अखंडता बनाए रखने के लिए सभी भारतवासी अपना विशेष योगदान देखकर सच्चे राष्ट्रभक्त बने। इस अवसर पर तिरंगा मित्र मंडल के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।